



# नशे के खिलाफ सड़क पर उतरा सर्व समाज

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 सितम्बर।** श्योपुर जिले में बढ़ते नशे के कारोबार के खिलाफ़ बुधवार को सर्व समाज एकजुट होकर सड़कों पर उतर आया। हज़ारों लोगों ने एक विशाल जन आक्रोश रैली निकाली और पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौंपकर इस अवैध कारोबार पर तुरंत रोक लगाने की मांग की।

**हजारों लोगों ने रैली निकालकर किया थाने का घेराव, पुलिस को दिया 10 दिन का अल्टीमेटम**

रैली से पहले हज़ारेश्वर पार्क में एक आमसभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि श्योपुर के गांवों और शहरों में चरस, गांजा, स्मैक और अवैध शराब का कारोबार तेज़ी से बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस नशे ने युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर दिया है और परिवारों को बर्बादी के कगार पर ला दिया है। इसके चलते चोरी और डकैती जैसी आपराधिक घटनाएं भी बढ़ रही हैं। वक्ताओं ने इस समस्या के लिए पुलिस और प्रशासन को ज़िम्मेदार ठहराया।

**पुलिस के संरक्षण में कारोबार होने का आरोप :** आमसभा के बाद यह विशाल रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए सिटी कोतवाली पहुंची।

यहां सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने नशे के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाज़ी की। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह अवैध कारोबार पुलिस के संरक्षण में ही फल-फूल रहा है।

**बेमियादी आंदोलन की चेतावनी**

रैली के अंत में सर्व समाज की ओर से पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें मांग की गई कि ज़िले में चल रहे नशे के अवैध कारोबार पर तत्काल लगाम लगाई जाए और इसमें शामिल लोगों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई हो। इसके साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि अगर 10 दिन में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो सर्व समाज एक बेमियादी आंदोलन शुरू करेगा और खुद नशा तस्करों को भगाने के लिए सामने आएगा। सर्व समाज ने यह भी कहा कि अगर प्रशासन को उनकी ज़रूरत होगी तो वे पूरा सहयोग करने को तैयार हैं।



# विजयपुर में सड़क हादसा, 2 घायल

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 17 सितम्बर।** गसवानी के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार, एक बाइक और अज्ञात वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान अमन पुत्र शरीफ खान उम्र 30 साल और दिनेश पुत्र भोगीलाल कुशवाहा उम्र 35 साल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत 112 डायल पर सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 वाहन के चालक अवधेश शर्मा मौके पर पहुँचे और दोनों घायलों को विजयपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद, हालत गंभीर होने के चलते दोनों को रेफर कर दिया। सूचना मिलते हैं भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी सौरव जादौन तत्काल अस्पताल उत्तम इलाज के लिए ग्वालियर और शिवपुरी भेजने में मदद की सौरव जादौन कैसी भी समस्याओं तत्व पर तैयार रहते हैं लोगो की मदद करने के लिए वहीं, हादसे के बाद से ही मौके पर हड़कंप मच गया। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार पर सवाल खड़े कर दि हैं।

# बिजली के तारों से टकराया डंपर

**चिंगारी से लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान**

**श्योपुर, 17 सितम्बर।** आवदा गांव में बुधवार सुबह एक डंपर बिजली के तारों की चपेट में आ गया। डैम के नीचे से गुजर रहे पत्थर से भरे डंपर का ऊपरी हिस्सा बिजली के तारों से टकरा गया। इस दौरान चिंगारी से डंपर में आग लग गई।

चालक ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत डंपर से कूदकर अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों ने डंपर को आबादी क्षेत्र से दूर ले जाकर बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड की मदद से आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। इस घटना में डंपर का आधा हिस्सा जल गया।



ग्रामीणों ने प्रशासन से दो मांगें रखी हैं। पहली, डैम के नीचे से गुजरने वाले भारी वाहनों पर नियंत्रण किया जाए। दूसरी, बिजली के तारों को सुरक्षित ऊंचाई पर स्थानांतरित किया जाए। इससे भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा।

# पर्यावरण प्रदूषण संबंधी कानूनी प्रावधानों पर कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 सितम्बर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में पर्यावरण प्रदूषण और मानव अधिकारों के डास के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर व क्षेत्रीय कार्यालय मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में 01 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**पर्यावरणीय गिरावट के प्रभाव की भी दी जानकारी**



उक्त कार्यशाला में विद्यालयीन छात्राओं को क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ग्वालियर आर.आर. सेंगर द्वारा निरंतर बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारणों को विस्तारपूर्वक वर्णित करते हुये बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये हमे स्वयं जागरूक रहना होगा इस हेतु हमें अधिक से अधिक पौधे रोपित कर उनके सरंक्षण हेतु संकल्प लेना होगा। साथ ही हमें पानी की बर्बादी पर भी रोक लगानी होगी एवं इस हेतु आमजन को भी जागरूक करने की भी अंत्यन्त आवश्यकता है। वायु व जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन को लागू करना होगा। इसी अनुक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी योगेश बंसल द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, लोकोपयोगी लोक अदालत व अन्य विधिक प्रावधानों से अवगत कराया।

इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी योगेश बंसल, क्षेत्रीय अधिकारी मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ग्वालियर आरआर सेंगर, प्राचार्य शा. कन्या उमा विद्यालय, श्योपुर भरत सिंह जाट, साइंटिस्ट मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ग्वालियर डीके शर्मा, जूनियर साइंटिस्ट म.प्र. प्रदूषण बोर्ड ग्वालियर पीआरएस चौहान एवं अन्य अधिकारीगण व विद्यालयीन अध्यापकगण उपस्थित रहें।

## एक नजर में




**शाम इंदरगढ़ के छात्रों ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश**

**इन्दरगढ़, 17 सितम्बर।** निरंतर सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों में प्रथम दिन शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ के छात्र .छात्राओं द्वारा स्वच्छता रैली निकालकर ग्राम कूटोंदा में गौशाला और उसके आसपास के स्थल को स्वच्छ करते हुए महाविद्यालय के परिसर को कचड़ा विहीन किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण्निलय गोस्वामी ने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जीवन के लिए नहीं बल्कि हमारे आसपास के वातावरण को सुंदर बनाए रखने के लिए आवश्यक है यह बीमारियों को रोकते हैं आत्मविश्वास बढ़ता हैं तनाव कम करती है और सामाजिक सम्मान दिलाती हैं ये वाक्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ मुकेश मौर्य द्वारा व्यक्त किए महाविद्यालय स्टाफमें श्री टेक चन्द भारद्वाजए श्री राघवेन्द्र सिंह यादवए डॉण् सचिन गौरीए डॉण् सरिता सिंह चौहान ए डॉण् शबाना बानोए श्री हरविलाश गौतम ए श्री सौरभ सैनीए श्री शुभम् तिवारीए श्री दुष्यंत कर्णए श्री मनोज रायकवारए श्री रोहित सिंह ए श्री उत्तम सिंहए श्री नीरज कर्णए लतीफए प्रदीपए मालाए एवं पचास छात्र छात्राएं शामिल रहे।

**बिजयपुर नगर निवासी युवक को अचानक हार्ट अटेक हुआ**

**बिजयपुर।** निबासी आषिक खान रोजाना सुबह धरसे बर्तन बेचने गांबौ मैं जाता था आज गसबानी थाना क्षेत्र के सिद्ध पुरा गांव मैं मोटरसाइकिल पर सवार होकर बर्तन बेच रहा था अचानक हार्ट अटेक हुआ और गिर पड़ा तब ग्रामीणों ने डायल 112 को फोन किया तब डायल 112 तुरंन्त सिद्ध पुरा गांव पहुंची युबक की हालत देखकर आरक्षक जंग जीत कुशबा ब चालक अवधेश सौनू शर्मा ने सीपीआर देकर युवक को होश मैं आये को शीध्र बिजयपुर स्बास्थ केन्द्र लेकर आये जहां डाक्टरों ने उसे दबाईया देकर स्वस्थ किया गया आज स्वास्थ केन्द्र में उपस्थित नागरिकों ने ब परिजनौ ने गसबानी थाना पुलिस के दौनौ जबानौ का सराहनीय कार्य बताया साथ ही एसडीओपी राधबेन्द तोमर ने भी दौनो जबानौ की सराहना की ग्रामीणों ब पुलिस के सराहनीय कार्य से युबक की जान बचाई।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर रोपे पौधे

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 सितम्बर।** शासकीय कन्या हाईस्कूल कराहल में आज देश के नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस विद्यालयीन छात्राओं द्वारा उत्सवपूर्वक मनाया गया। इसके साथ ही पीएम श्री मोदी द्वारा अपने विद्यालय परिसर में रोपे गये पीपल के पौधे के तीन वर्ष पूर्ण होने पर पौधे का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयीन छात्राओं द्वारा न केवल कैक काटकर एक दूसरे को जन्मदिवस की बधाई दी गई, बल्कि पीएम श्री मोदी के कर कमलो से रोपे गये पौधे पीपल की पूजा अर्चना भी की गई। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य एमपी मौर्य, शिक्षक अजय कंसल, कुलदीप राजौरिया, अशोक कौशल, प्रदीप पाठक, गीता कचौरिया आदि स्टॉफ उपस्थित था।




उल्लेखनीय है कि 17 सितंबर 2022 को चीता प्रोजेक्ट की शुरूआत करने कूनो नेशनल पार्क आये, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आदिवासी विकासखंड कराहल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शासकीय कन्या हाईस्कूल परिसर में पीपल का पौधा रोपा गया था, देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा रोपे गये पौधे को लेकर पूरे स्कूल के बच्चों एवं स्टॉफ ने सदैव उत्साह बना रहता है। इसी क्रम में आज पीएम मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर तथा उनके द्वारा लगाये गये पौधे के 3 वर्ष पूर्ण होने के सुखद अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा उनके द्वारा रोपे गये पीपल वृक्ष की आरती की गई।

# बिजली ट्रांसफार्मर का खर्चा देने की बात पर विवाद, एक घायल

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 सितम्बर।** मानपुर थाना क्षेत्र के दंतर्दा गांव में बिजली ट्रांसफार्मर का खर्चा देने की बात पर विवाद हो गया, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज करें विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दांतरदा निवासी मोरध्वज मीणा वह भोलाराम शर्मा निवासी लहचोड़ा के बीच 15 सितंबर की दोपहर रामरूप प्रजापति की दुकान के पास बिजली ट्रांसफार्मर का खर्चा देने की बात को लेकर विवाद हो गया।

इस विवाद में भोलाराम शर्मा ने गाली गलौज करते हुए फरियादी की मारपीट कर दी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी मोरध्वज पुत्र मोतीलाल मीणा की रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# अवैध शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 सितम्बर।** दो थानों की पुलिस ने अलग-अलग स्थान पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचने का कारोबार करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 3000 रुपये की अवैध शराब बरामद की है।

गसवानी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बनवारी पुत्र भूरा प्रजापति निवासी सेवला को विनेगर तेरा है के पास से अवैध रूप से शराब ले जाते गिरफ्तार किया है, पुलिस ने उसके पास से 2200 रुपये कीमत की 22 बोतल शराब जप्त की है। इसी तरह बडौदा थाना पुलिस ने बाबूलाल पुत्र रंगलाल आदिवासी निवासी श्रीपुर को प्रेमपुरा नहर की पुलिया के पास से अवैध रूप से शराब ले जाते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 8 लीटर कच्ची शराब बरामद की है जिसकी कीमत 800 रुपये है। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपितों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## बंटवारे पर झगड़ा, तीन लोगों पर मामला दर्ज

**श्योपुर, 17 सितम्बर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के जय श्री पैलेस के पीछे बंटवारे को लेकर परिवार के लोगों में झगड़ा हो गया। जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया है पुलिस ने मामला दर्ज कर जान शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अजीज खान व इरशाद मंसूरी आपस में परिवार के लोग हैं और 16 सितंबर की रात घर के बंटवारे को लेकर इनमें विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि इरशाद मंसूरी अरुण मंसूरी बंटी मंसूरी ने मिलकर फरियादी की मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने अजीज पुत्र फकीर मोहम्मद की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# अवैध शराब के 04 प्रकरण दर्ज, 35 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 सितम्बर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय पर लगातार कार्यवाही की जा रहे है।

जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार ने बताया कि श्योपुर और कराहल के ग्राम भौगिका तिराहा, कराहल और गोरस में दबिश दी गई।

आबकारी बल द्वारा की गई कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत 4 प्रकरण दर्ज किए गए। 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई और 500 किलोग्राम लाहन मौके पर नष्ट किया गया, जप्त शुदा सामग्री की कुल कीमत लगभग 57 हजार रुपये पाई गई।

कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, बृजनेश शर्मा, आरक्षक राजेन्द्र शर्मा, कोक सिंह रावत आदि उपस्थित रहें।

# डिमोस्ट्रेशन के लिए रखे जाएं बेलर, गांव में जाकर दें जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 सितम्बर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि श्योपुर जिले में पराली प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन द्वारा किसानों के सहयोग से मुहिम चलाई जा रही है, किसान पराली को न जलाने के विकल्पों पर विचार कर रहे है और सुपर सीडर, स्ट्रॉ रीपर सहित अन्य उपयोगी कृषि यंत्रो को खरीदने के लिए रूचि दिखा रहे है, किसानों को बेलर के बारे में भी जानकारी प्रदान की जायें। इसके लिए कंपनी अपने-अपने मार्केटिंग प्रतिनिधियों को इस क्षेत्र में सक्रिय करते हुए ग्रामों में पहुंच बनायें, जिससे किसान बेलर के उपयोग से परिचित हों सकें। इसके साथ ही बेलर का डिमोस्ट्रेशन भी किसानों के बीच किया जायें। वे आज कलेक्टर चेंबर में पराली प्रबंधन के संबंध में न्यू हॉलेण्ड एवं टैफे कंपनी के मार्केटिंग हेड, सेल्स हेड सहित कृषि विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

**बेलर बनाने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों से चर्चा**



न्यू हालेण्ड के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि उनकी कंपनी 4 प्रकार के बेलर निर्माण करती है, जिनकी कीमत 4-5 लाख से शुरू होती है, किसान बडे बेलर की अपेक्षा छोटे बेलर भी खरीद सकते है और पराली प्रबंधन के साथ ही बेलर से बने बंडलो को विक्रय कर अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर सकते है। इसी प्रकार टैफे के प्रतिनिधियों द्वारा भी अपनी कंपनी में बनने वाले बेलरों तथा उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई तथा प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि किसानों की डिमांड के अनुरूप पराली प्रबंधन में उपयोगी उच्च तकनीक के कृषि यंत्र प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जायेगा तथा इसके लाभ से अवगत कराया जायेगा।

# सेवा पर्व पखवाड़े का सेंवढ़ा विधायक प्रदीप ने किया शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 17 सितम्बर।** इन्दरगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंदरगढ पर आयोजित मध्यप्रदेश के धार जिले के भैंसोला ग्राम से होने वाले लाईव शो के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहे ए कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश दांतरे, राम बहादुर सिंह गुर्जर, अनूप दांतरे, रामलखन गुर्जर आदि उपस्थित रहे । यहाँ बी एम ओ डॉक्टर सज्जन सिंह दांगीए एवं राजकुमार शर्मा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया ।बतौर मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि हमें मोदी के नेतृत्व में सेवा करने का अवसर मिला हम सौभाग्य शाली हैं । मोदी जी ने देश के हर व्यक्ति की चिंता करते हुये सैंकडों योजनायें बनाई हैं।

**स्वर्णिम भारत के निर्माता हैं मोदी**



पखवाड़ा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत माता बहनों की जांचे एवं उनका निशुल्क उपचार किया जायेगा एसभी माता बहनों से अनुरोध है कि केंपों में अवश्य जायें और अभियान को सफल बनायें । कार्यक्रम के अंत में मरीज को फल वितरण किए।

इस अवसर पर कालीचरण दुबे अमजद खान जोगिंदर सिंह जाट आनंद सोनी उत्तम सिंह कमरिया सोनू गुप्ता प्रतिपाल सिंह यादव रिंकू राणा आनंद गुप्ता देवेंद्र सिंह गुर्जर खेमराज कुशवाहा लोकेंद्र यादव आशीष सिंह कमरिया पुष्पेंद्र रावत पवन पाठक राकेश मुद्गल, संतोष खटीक, दीपू तिवारी, संजीव सिंह गुर्जर के अलावा बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे ।